श्री हरिदास संस्कृत ग्रन्थमाला २८८

॥ श्रीः ॥

रामकृष्णविलोमकाव्यम्

ग्रन्थकारकृत 'मर्मप्रकाशिका' संस्कृतव्याख्यासहितम्

हिन्दीव्याख्याकार

डॉ० कामेश्वरनाथ मिश्र

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी-१

॥ सङ्गणकसंस्करणं दासाभासेन हरिपार्षददासेन कृतम् ॥

॥ श्रीः ॥

हरिदास संस्कृत ग्रन्थमाला
२८८

दैवज्ञश्रीसूर्यकविविरचितं

रामकृष्णविलोमकाव्यम्

स्वोपज्ञटीकया 'मर्मप्रकाशिका' हिन्दीव्याख्यया चोपेतम्

हिन्दीव्याख्याकारः
डॉ० श्रीकामेश्वरनाथमिश्रः
एम० ए०, पी-एच्० डी०, साहित्याचार्यश्च

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी-१
१९७०

॥ सङ्गणकसंस्करणं दासाभासेन हरिपार्षददासेन कृतम् ॥

प्रकाशक : चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी

मुद्रक : विद्याविलास प्रेस, वाराणसी

संस्करण : प्रथम, वि० संवत् २०२७

मूल्य :

CHOWKHAMBA KRISHNADAS ACADEMY
REVISED PRICE
Rs
G. MANDIR, VARANASI

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस

गोपाल मन्दिर लेन

पो० बा० ८, वाराणसी-१ (भारतवर्ष)

फोन : ६३१४५

प्रधान शाखा

चौखम्बा विद्याभवन

चौक, पो० बा० ६९, वाराणसी-१

फोन : ६३०७६

THE

HARIDAS SANSKRIT SERIES

288

*****

RĀMAKṚṢṆA-VILOMA-KĀVYA

OF

DAIVAJÑA ŚRĪ SŪRYA PAṆḌITA

With

An Auto-Commentary

Edited with

The Marmaprakāśikā Hindi Commentary and Introduction

By

DR KĀMESVARA NĀTHA MIŚRA,

M. A., Ph. D., Sahityachārya

THE

CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE

VARANASI-1

1970

॥ सङ्गणकसंस्करणं दासाभासेन हरिपार्षददासेन कृतम् ॥

The Chowkhamba Sanskrit Series Office
Gopal Mandir Lane
P. O. Chowkhamba, Post Box 8
Varanasi-1 (India)
1970
Phone : 63145

First Edition
1970
Price Rs.

Also can be had of
THE CHOWKHAMBA VIDYABHAWAN
Publishers and Oriental Book-Sellers
Chowk, Post Box 69, Varanasi-1 (India)
Phone : 63076

प्राक्कथन

अपनी अद्भुत क्षमता के कारण संस्कृत भाषा ने अपने माध्यम से अनेक कवियों द्वारा विभिन्न प्रकार के साहित्य को जन्म दिया। इसमें प्रसाद गुण संवलित रचनाओं से लेकर अत्यन्त कठिन चित्रकाव्य एवं भाषासमक जैसे निदर्शन उपलब्ध होते हैं। लौकिक संस्कृत में महाकाव्य, गद्यकाव्य, आख्यायिका तथा चम्पूकाव्य सदृश प्रबन्धात्मक साहित्य में भी यत्र-तत्र कवियों तथा लेखकों ने अपना पाण्डित्य भी प्रदर्शित किया है। इनके अतिरिक्त स्वतन्त्र ग्रन्थों में भी कवियों का बुद्धिविलास दृष्टिगोचर होता है। हृदयतत्त्व की अपेक्षा बुद्धितत्त्व का प्रधानता प्रदर्शित करने वाले ग्रन्थों की संस्कृत में एक लम्बी परम्परा ही विद्यमान है।

ऐसे बुद्धिसापेक्ष ग्रन्थों में सूर्यकवि का 'रामकृष्णविलोमकाव्यम्' भी विशेष भावपूर्ण एवं कलात्मक है। इसमें मात्र छत्तीस श्लोक हैं जिनका उत्तरार्ध पूर्वार्ध का विलोम क्रम से पाठ करने पर बनता है। इसी प्रकार पूर्वार्ध का सम्बन्ध रामकथा से तथा उत्तरार्ध का कृष्णकथा से है। अब तक यह ग्रन्थ कवि की स्वयं की संस्कृतव्याख्या के साथ काव्यमाला के एक गुच्छक में प्रकाशित हुआ था। अन्यत्र संस्कृत साहित्य के इतिहास ग्रन्थों में से कुछ में इसका नाममात्र का परिचय मिलता था। वहाँ इसके उद्धरण भी प्रायः नहीं ही मिलते थे।

संयोग से एक दिन इस ग्रन्थ के विषय में आदरणीय मनीषी बन्धु श्री सत्कारिशर्मा मुखोपाध्याय से चर्चा चल पड़ी। उनकी इच्छा हुई कि चित्रकाव्य की एक विस्तृत भूमिका के साथ इस ग्रन्थ का हिन्दी अनुवाद

भी प्रकाशित किया जाये। उन्होंने विश्वासपूर्वक यह कार्य मुझे सौंपा जो उनके सद्भाव तथा भगवान् शिव की कृपा से यथासमय पूरा हो गया। इसका पूरा श्रेय उनको ही है अतः मैं उनको आभारपूर्वक धन्यवाद देता हूँ। चौखम्बा संस्कृत सीरीज तथा चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी के प्रबन्धकों ने भी स्नेह के साथ इस पुस्तिका को यथाशीघ्र प्रकाशित करने की तत्परता दिखा कर मुझे अपना आभारी बना लिया है। मैं उनका भी हृदय से आभारी हूँ। मुझे आशा है कि इस प्रकार के ग्रन्थरत्नों को प्रकाश में लाकर, इस संस्था के व्यवस्थापक महोदय निरन्तर संस्कृत साहित्य की श्रीवृद्धि करते रहेंगे। अपने भाई श्री बदरीनाथ तिवारी एम० ए० शास्त्री को मैं बधाई देता हूँ जिन्होंने मेरे पीछे पड़कर अनुवाद आदि का कार्य करा लेने में सफलता पाई। विश्वास है कि संस्कृत साहित्य-प्रेमी इससे लाभान्वित होंगे।

सकलडीहा
रामनवमी, १५ अप्रेल ७०

विनीत
कामेश्वरनाथ मिश्र

भूमिका

वाग्विलासात्मक कविकर्म काव्य है। कवि लौकिक विषयों का अपनी क्षमता के अनुसार चित्रण करता है। इस चित्रण का अभिनयदर्शन अथवा पठन दर्शक तथा पाठक के हृदय में चमत्कार की सृष्टि करता है। सामाजिक में चमत्कृतिजन्य आनन्द की प्रचुर उत्पत्ति के लिये कवि विभिन्न उपायों का ग्रहण करता है, क्योंकि लोकविषयों को शब्दात्मक करना मात्र ही काव्य नहीं है। चमत्कार अथवा सौन्दर्यविहीन शब्द-रचना ही काव्य नहीं। यदि ऐसा होता तो निम्नलिखित छन्द भी काव्य का उत्कृष्ट उदाहरण होता—

दीर्घपुच्छश्चतुष्पादः ककुद्मान् लम्बकम्बलः।
गोरपत्यं बलीवर्दस्तृणमत्ति मुखेन सः॥

(सरस्वतीकण्ठाभरण १।४१।)

इससे सिद्ध होता है कि लौकिक विषयों को शब्दात्मक स्वरूप देना ही काव्य नहीं है, अपितु उसे काव्य की संज्ञा देने के लिए किसी और पदार्थ की भी अपेक्षा होती है। यह 'कुछ और अपेक्षित' पदार्थ विभिन्न लोगों के मन में विभिन्न रूपों में आया। समस्त भिन्नताओं के होने पर भी सभी के विचारों में एक समता अवश्य थी और वह थी काव्य की शैलीगत विवेचना। सबने यह स्वीकार किया कि किसी बात को कुछ ऐसे ढङ्ग से प्रस्तुत किया जाय कि उसमें चमत्कार, आनन्द अथवा प्रीति की क्षमता हो।

धार्मिक साहित्य में चमत्कार का बीज—संहिताकाल से ही चमत्कार-पूर्ण ढङ्ग से कुछ कहने की परिपाटी चली आ रही है। पुरुषसूक्त में ही "यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः" आदि में यज्ञ से यज्ञ के सम्पादन की बात श्रोता के मन में कौतूहल उत्पन्न कर ही देती है। इसी प्रकार अन्य संहिताओं के अनेक सूक्तों में इस प्रकार का वर्णन मिल सकता है। ब्राह्मण और आरण्यक ग्रन्थ भी इससे अछूते नहीं हैं। बृहदारण्यक के पञ्चम अध्याय के द्वितीय ब्राह्मण में देव, मनुष्य तथा असुरों द्वारा प्रजापति से उपदेश का अनुरोध करने पर प्रजापति ने उनसे

'द' यह अक्षर कहा। उन्होंने एक ही वर्ण से उनको क्रमशः दमन, दान और दया का उपदेश दिया। अन्य उपनिषदों में भी अनेक सीधी-सादी बातों का रहस्यमय ढङ्ग से वर्णन किया है। महाभारत में व्यास की उक्ति कि—

अष्टौ श्लोकसहस्राणि अष्टौ श्लोकशतानि च।
अहं वेद्मि शुको वेत्ति सञ्जयो वेत्ति वा न वा॥

कूटात्मकता की ओर संकेत करती है। श्रीमद्भागवत में "परोक्षप्रिया ह वै देवाः" की अच्छी विवेचना प्रस्तुत की गई है। पुरञ्जनोपाख्यान की रहस्यात्मकता का स्पष्ट कारण निर्देश दिया है—

बर्हिष्मन्नेतदध्यात्मं पारोक्ष्येण प्रदर्शितम्।
यत् परोक्षप्रियो देवो भगवान विश्वभावनः॥ (४।२८।६५।)

इसमें भी आनन्द की बात तो यह है कि वहीं चतुर्थ स्कन्ध के २९ वें अध्याय के ५३ वें श्लोक की गद्यमयी ललित व्याख्या भी प्रस्तुत की गई है। सम्पूर्ण धार्मिक साहित्य में इस प्रकार के वर्णनों के अन्य कारण हो सकते हैं, किन्तु चमत्कारपूर्ण ढङ्ग से कहने की सहज मानवीय अभिलाषा भी निहित है।

काव्यशास्त्र में भामह जैसे आलङ्कारिकों ने इस सीधे से न कहने के ढङ्ग को वक्रोक्ति कहा है और इसको ही समस्त अलङ्कारों का—कथनगत वैशिष्ट्यों का—प्राण माना है। उन्होंने स्पष्ट स्वीकार किया है "कोऽलङ्कारोऽनया विना।" यहाँ यह निश्चित है कि वक्रोक्ति भामह के लिये मात्र एक अलङ्कार भेद नहीं है, अपितु सभी अलङ्कारों के मूल में विद्यमान सरलता के विपरीत वक्रता लाने का एकमात्र हेतु है। यही भाव 'वैदग्ध्यभङ्गीभणिति' में भी देखा जा सकता है। यह शब्द और अर्थगत वैचित्र्य ही काव्य का प्राण है ऐसा मानकर भारतीय समीक्षाशास्त्र में एक अलङ्कार-सम्प्रदाय का ही श्रीगणेश हुआ। आधुनिक आलोचकों के शब्दों में इसे कलापक्ष के नाम से कहा जा सकता है।

चित्रालङ्कार का स्वरूप—सभी आलङ्कारिकों ने किसी-न-किसी रूप में अलङ्कारों को स्वीकार किया है, किन्तु उनमें भी अलङ्कार-सम्प्रदायवादी भामह, रुद्रट, दण्डी आदि ने तो काव्य के बाह्यपक्ष, कलापक्ष को बहुत महत्त्व दिया है और उनके भेदोपभेदों का निरूपण किया है। काव्य-शरीर के रूप में स्वीकृत

शब्द और अर्थ इन दोनों से सम्बद्ध अनेक अलङ्कारों का विवरण सम्भवतः सर्वत्र मिलता है—न्यूनाधिक्य हो सकता है। शब्दालङ्कारों में ही जहाँ यमक और श्लेष जैसे अलङ्कारों का निरूपण है वहीं प्रायः प्रमुख आलङ्कारिकों ने चित्रालंकार भी स्वीकार किया है। रुद्रट ने चित्रालङ्कार की परिभाषा निम्न रूप में दी है—

भङ्ग्यन्तरकृततत्क्रमवर्णनिमित्तानि वस्तुरूपाणि ।
साङ्कानि विचित्राणि च रच्यन्ते यत्र तच्चित्रम् ॥

(काव्यालङ्कार ५।१॥)

उसी पर नमिसाधु की टीका—"यत्र काव्ये वस्तूनां चक्रादीनां रूपाणि संस्थानानि रच्यन्ते निबध्यन्ते तच्चित्रसादृश्यादाश्चर्याद् वा चित्रं नामालङ्कारः।" से स्पष्ट है कि छन्दों के वर्णों को इस क्रम से लिखा जाय कि विशेष प्रकार का चित्र बन जाये और लोगों को आश्चर्य हो, हृदय में चमत्कार उत्पन्न हो जाये, उसी को चित्रालङ्कार कहते हैं। सत्य ही इस प्रकार की विचित्र बात से आश्चर्य हो ही जाता है। दण्डी ने परिभाषा सामान्य न देकर विशेष-विशेष का लक्षण तथा उदाहरण दिया है। आचार्य विश्वनाथ ने भी रुद्रट जैसी ही परिभाषा दी है—कि जब वर्ण पद्म आदि आकार का कारण बनते हैं तब चित्रालंकार होता है। "पद्माद्याकारहेतुत्वे वर्णानां चित्रमुच्यते।" (सा० द० १।१३)।

यह बात सत्य है कि वर्णों से चित्रविशेष—आकृतिविशेष—बना देना चित्रालंकारों में प्रमुख है, किन्तु यह भी सत्य है कि यही केवल, चित्रालंकार नहीं है। नमिसाधु की टीका में प्रयुक्त "आश्चर्याद्वा चित्रं नामालंकारः" अधिक उचित प्रतीत होता है। आश्चर्य किसी असामान्य दर्शन से होता है। यह असामान्यता केवल शब्दों के आकार बनाने से ही नहीं आती। उसके अन्य भी उपाय हो सकते हैं, और उन सबका निदर्शन भी मिलता है।

महाराज भोज ने छः प्रकार के चित्रालंकारों का उल्लेख किया है। उनके अनुसार—वर्ण, स्थान, स्वर, आकार, गति तथा बन्ध इन आधारों पर इस अलंकार का निरूपण मान्य है।

वर्णस्थानस्वराकारगतिबन्धान् प्रतीहयः ।
नियमस्तद्बुधैः षोढा चित्रमित्यभिधीयते ॥

(स० कण्ठाभरण २।१०९॥)

वर्णचित्र—जहाँ पर अक्षरों के विविध प्रकार के विशिष्ट प्रयोगों द्वारा आश्चर्य उत्पन्न किया जाता है, वहाँ वर्णचित्र होता है। कहीं एक छन्द में केवल चार व्यञ्जन, कहीं तीन, कहीं दो, कहीं केवल एक, कहीं क्रमशः सभी, कहीं षड्ज आदि के स्वरव्यञ्जन आदि का ही प्रयोग करके कवि विचित्र चित्रण करता है। वहीं से उद्धृत क्रमस्थव्यञ्जनों का उदाहरण दर्शनीय है—

कः खगौघङ् चिच्छैजा झाञ्ज्ञो टौठीडडंढणः।
तथोदधीन् पफर्बाभीर्मयोरिल्वाशिषां सहः॥

स्थानचित्र—उच्चारण स्थानों के आधार पर भी केवल एक, दो अथवा अनेक स्थानों से उच्चारित वर्णों के त्याग अथवा ग्रहण से भी छन्दोरचना करना चित्रात्मक होता है। चतुःस्थानचित्र, निष्कण्ठ्य, निस्तालव्य, निर्दन्त्य, निरोष्ठ्य, निर्मूर्धन्य आदि वर्णों से बने छन्दों के अनेक उदाहरण भारवि तथा माघ के किरातार्जुनीय तथा शिशुपालवध के क्रमशः १५वें तथा १९वें सर्गों में मिल सकते हैं। दण्डी ने तो दशकुमारचरित में ओष्ठ कटे हुए राजकुमार द्वारा पूरे उछ्वास में निरोष्ठ्य पदों का ही प्रयोग किया है। केवल कण्ठ्यवर्णों के प्रयोग से बना छन्द दर्शनीय है—

अगा गाङ्गाङ्गकाकाकगाहकघककाकहा।
अहाहाङ्क खगाङ्कागकङ्कागखगकाकक॥ (काव्यादर्श ३।९१॥)

स्वरचित्र—स्वरों के आधार पर भी ह्रस्वैकस्वर, दीर्घैकस्वर, ह्रस्वद्विस्वर, दीर्घद्विस्वर, अपास्तसमस्तस्वर आदि विचित्र प्रयोग होते हैं। दीर्घ एकस्वर का उदाहरण दण्डी के काव्यादर्श से उद्धृत है—

सामायामा माया मासा मारानायायाना रामा।
यानावारारावानाया मायारामा मारायामा॥ (३।८७॥)

यहाँ सभी व्यञ्जन केवल दीर्घ अकार से युक्त हैं।

आकारचित्र—वस्तुतः यही वह प्रयोग है जिसके कारण रुद्रट आदि ने इस अलंकार को चित्र संज्ञा दी। इस प्रकार में वर्णों को इस क्रम से रखा जाता है कि चित्र कई प्रकार के कमलों का बनता है। कहीं चतुर्दल, कहीं षड्दल कहीं अष्टदल और कहीं अधिकदल भी। विश्वनाथ द्वारा उदाहृत छन्द का गुरुवर डा० सत्यव्रत सिंह द्वारा साहित्यदर्पण के ४८९ पृष्ठ पर दिया गया चित्र निम्नविध है।

मारमा सुषमा चारु-रुचा मारवधूत्तमा।
मात्तधूर्ततमावासा सा वामा मेऽस्तु मा रमा॥



गतिचित्र—यह विचित्रता छन्द के पदों के पढ़ने पर आश्रित है। कहीं प्रथम पद ही विलोम क्रम से पढ़ने पर द्वितीय चरण बन जाता है, कहीं प्रथम-तृतीय, या द्वितीय-चतुर्थ अथवा ऐसे ही पदों में शब्दों की एकरूपता होती है, किन्तु अर्थ भिन्न-भिन्न होता है। इस प्रकार के काव्य में गतप्रत्यागत अथवा विलोमकाव्य अधिक सुन्दर बन पड़े हैं। अपना विवेच्य रामकृष्णविलोमकाव्य इस रीति का उत्कृष्ट निदर्शन है।

बन्धचित्र—यह भी आकारचित्र ही है। इसमें विशेष प्रकार के बन्ध बनाये जाते हैं—अनेक प्रकार के चित्र बनते हैं और उन्हीं में एक निश्चित क्रम से वर्णविन्यास होता है। आकारचित्र में प्रधानता कमलबन्ध को दी गई है जब कि इस विभाग में प्रायः सभी प्रकार के चित्रों का समावेश हो जाता है।

चित्रसाहित्य—संस्कृत भाषा में प्रचुर चित्रसाहित्य विद्यमान है। धार्मिक वाङ्मय में इसका निहित मूल प्रदर्शित किया जा चुका है। तन्त्रसाहित्य में यन्त्रों का तो स्वरूप और भी विचित्र है। बीजमन्त्र अपना विशिष्ट प्रयोजन और अर्थ रखते ही हैं।

उपर्युक्त षड्विध चित्रकाव्यों में गतिचित्र को छोड़कर शेष के उदाहरण या तो लक्षण ग्रन्थों में मिलते हैं या भारवि और माघ जैसे कवियों के महाकाव्यों में। दण्डी, रुद्रट तथा भोज ने अपने आकरग्रन्थों में इनका विशद लक्षण तथा उदाहरण प्रस्तुत किया है, किन्तु गतिचित्र का एक विशाल साहित्य उपलब्ध होता है।

गतिचित्र का आधार—गतिचित्र का मूल आधार यमक है। यह स्वयं में बहुत विस्तृत है। वस्तुतः जितने अधिक भेदोपभेद इस अलंकार के हैं, उतने भेदोंवाला कोई दूसरा अलंकार सामने नहीं आया। दण्डी ने काव्यादर्श में इसके भेदों का दिग्दर्शन तीसरे परिच्छेद के दूसरी कारिका में कराया है जिसके आधार पर ३१५ भेद करने के बाद पुनः तीसरी कारिका में कहते हैं—'अत्यन्तबहवस्तेषां भेदः संभेदयोनयः' अर्थात् इसके तो और भी बहुत अधिक भेद संभव हैं।

वस्तुतः काव्यप्रकाश आदि में जो यमक का लक्षण—

अर्थे सत्यर्थभिन्नानां वर्णानां सा पुनः श्रुतिः। ("यमकम्''''" ९।६)

दिया गया है, उससे चित्रता की संभावनायें भी अधिक हो सकती हैं। दूसरा आधार श्लेष है जिसके आधार पर एक ही पद का प्रयोग करके अनेक अर्थ ग्रहण किये जा सकते हैं। इतसे भी एक सहृदय विद्वान् चमत्कृत हो उठता है। प्रयोग विचित्र वर्णों का, पदों का, होने से चित्रात्मकता आ ही जाती है और पाठक को आश्चर्य भी। उससे भी अधिक आश्चर्य की बात तो यह है कि इनका प्रयोग केवल एक दो स्थानों पर ही नहीं हुआ है अपितु आदि से अन्त तक इनके ही आधार पर महाकाव्य तक लिखे गए हैं। ये लिखे गए काव्यग्रन्थ केवल एक कालविशेष की उपज न होकर, विभिन्न समयों में विभिन्न स्थानों पर उत्पन्न कवियों की देन हैं।

चित्रकाव्य का विकास—यद्यपि यमक आदि अलंकारों का प्रयोग कालिदास आदि महाकवियों ने भी किया है, किन्तु वहाँ भावपक्ष प्रधान तथा कलापक्ष—विशेषकर अलंकारप्रयोग—गौण है। सुबन्धु ने सजग होकर प्रत्यक्षरश्लेषमयी प्रबन्ध रचना का उपक्रम किया था। दण्डी ने पूरे उछ्वास में निरोष्ठ्य वर्णों का प्रयोग करके अपनी क्षमता का परिचय दिया है। शायद ही कोई चम्पूकाव्य हो जिसमें यमक और श्लेश का विपुल प्रयोग न हो।

स्वतन्त्र रूप से घटकर्पर का यमककाव्य उपलब्ध होता है जिससे परवर्ती महाकाव्यकारों को प्रेरणा मिली। भारवि ने अपने ग्रन्थ के १५ वें सर्ग में कई प्रकार के चित्रात्मक प्रयोग किये हैं। पदान्तादि, पादादि, समुद्ग, शृङ्खला, महायमक आदि के अतिरिक्त प्रतिलोमानुलोमपाद तथा प्रतिलोमानुलोम छन्द आदि यमक प्रकारों, निरोष्ठ्य आदि स्थानचित्रों, एकाक्षर, द्व्यक्षर आदि वर्णचित्रों, गोमूत्रिका आदि बन्धचित्रों के साथ ही अर्थत्रयवाची श्लेषचित्र का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनके अनुगामी माघ ने भी १९ वें सर्ग में एकाक्षर, द्व्यक्षर, असंयोग, आदि वर्णचित्र, चक्रबन्ध, अर्धभ्रमक, मुरज, सर्वतोभद्र आदि आकार तथा बन्धचित्रों, श्लोकप्रतिलोमयमक, अर्धप्रतिलोम, समुद्गक, गतप्रत्यागत आदि यमक प्रकारों तथा अतालव्य आदि स्थानचित्रों का समुचित प्रयोग किया है। इन्होंने भी भारवि की भांति अर्थत्रयवाची श्लेषकाव्य की रचना की है। श्रीहर्ष की पंचनली का श्लेष तो साहित्यिक जगत् में विख्यात है ही। इसी प्रकार भट्टि ने भी अपने महाकाव्य के १० वें सर्ग में बीस श्लोकों में यमकों का जानबूझ कर प्रयोग किया है। कृष्ण चैतन्य ने अपने इतिहासग्रन्थ के ३०० पृष्ठ पर यह स्वीकार किया है कि भट्टि की कलात्मक शैली में महाकाव्य के माध्यम से व्याकरण की शिक्षा देने की प्रेरणा भट्टभौम, हलायुध तथा वासुदेव भट्टथिरी आदि कवियों को मिली। भट्टभौम ने 'रावणार्जुनीयम्' नाम का २७ सर्गों का महाकाव्य लिखा है जिसका कथानक रावण और कार्तवीर्य अर्जुन से सम्बद्ध है। इसमें भी भट्टिकाव्य जैसी पाणिनीय व्याकरण की काव्यात्मक व्याख्या है। दशमशतक ईसवी के हलायुध ने 'कविरहस्यम्' में धातुप्रयोग की शिक्षा देते हुए कृष्णराज का चरित उपनिबद्ध किया है। कृष्णराज राष्ट्रकूटराज थे। वासुदेव भट्टथिरी ने भट्टभौम सा उद्देश्य लेकर 'वासुदेवविजय' काव्य की रचना की जिसका वर्ण्यविषय कृष्ण का जीवनचरित है। विन्टरनिट्ज महोदय ने हेमचन्द्र के 'कुमारपालचरितम्' को भी इसी कोटि में रखा है जिसमें प्रथम २० सर्गों में संस्कृत व्याकरण तथा शेष ८ सर्गों में प्राकृतव्याकरण से सम्बद्ध छन्द हैं। इन्हीं महोदय ने १८ वीं शती के श्री शिवरामत्रिपाठी की 'नक्षत्रमाला' को भी चित्रकाव्य कहा है। महाकाव्यों से प्रेरित उपर्युक्त काव्यग्रन्थ इसीलिए चित्रकाव्य हैं क्योंकि वर्ण, स्थान, स्वर, आकार तथा बन्ध आदि का माध्यम

ग्रहण न करने पर भी एक मुख्य उद्देश्य के निरूपण के साथ दूसरा विषय इतने सुन्दर प्रकार से निरूपित किया गया है कि अध्येता को यह प्रयोग नितान्त असामान्य होने से आश्चार्यान्वित कर देता है।

केरल के वासुदेव कवि जिनका समय अनिश्चित होने पर भी केरलीय नवम शताब्दी के माने जाते हैं, एक ऐसे विचित्र कवि हैं जिन्होंने अपनी समस्त रचनायें यमककाव्य के रूप में की हैं। इनके चार यमककाव्य हैं। इनके सर्व-प्रसिद्ध 'युधिष्ठिरविजय' में आठ उच्छ्वास हैं प्रतिपाद्य विषय ग्रन्थ के नाम से ही स्पष्ट है। 'त्रिपुरदहन' भी महत्वपूर्ण कृति है। इसमें तीन आश्वास तथा १९४ में प्रायः सभी आर्याछन्द हैं। इनके 'सौरिकथा' ग्रन्थ को भी आदर की दृष्टि से देखा जाता है। 'जलोदय' को कुछ लोग कालिदास की, कुछ इनके पिता रवि भट्टथिरि की रचना मानते हैं, किन्तु त्रिवेन्द्रम विश्वविद्यालय से प्रकाशित पुस्तक की भूमिका में इसे इनका ही सिद्ध किया गया है। इनके यमक अत्यन्त मनोरम तथा सरस हैं और शैली प्रसादगुणपूर्ण है। उदाहरणार्थ त्रिपुरदहनम् के प्रथम आश्वास का ७३ वाँ श्लोक प्रस्तुत है—

द्युसदामुदयानवतानवता नवता न बताश्नुत तन्महसा।
स जनोविजहार सदारसदा रसदा सदा जयतूर्यमपि॥

श्लेष के आधार पर एक ऐसे भी चित्रकाव्य की परम्परा चली जिसमें केवल विचित्र ढंग से गौण लक्ष्य की ही पूर्ति नहीं हुई अपितु एक से अधिक कथानक एकसाथ बिना क्रमभंग के चला करते हैं। ग्यारहवीं शताब्दी के संध्याकरनन्दी ने २२० आर्या छन्दों में पाँच सर्गों का एक श्लेषकाव्य रामचरितम् लिखा जिसमें भगवान् राम तथा बंगाल के राजा रामपाल की कथा वर्णित है। धनञ्जय ने भी १२ वीं शताब्दी में १८ सर्गों का रामायण तथा महाभारत की कथाओं को एक साथ प्रस्तुत करने वाला 'राघवपाण्डवीयम्' नामक द्विसंधानकाव्य लिखा। धनञ्जय के कुछ ही समय बाद कदम्बवंशीय राजा कामदेव (११८२–९७) की संरक्षिता में माधवभट्ट ने १३ सर्गो में 'राघवपाण्डवीयम्' नामक महाकाव्य की रचना की जिसमें ६६८ श्लोकों में रामायण तथा महाभारत की कथा एक साथ वर्णित है। सोलहवीं शताब्दी के विजयनगर के राजा व्यंकट के सभापण्डित श्री चिदम्बर कवि ने 'राघवपाण्डवयादवीयम्' श्लेषकाव्य लिखा था। इसके

मात्र तीन सर्ग उपलब्ध हैं। इसमें रामायण, महाभारत तथा श्रीमद्भागवत को कथा है। श्लेषकाव्य अपनी चरम सीमा पर पहुँच गया है इन्हीं के 'पञ्चकल्याण चम्पू' में जहाँ राम, कृष्ण, शिव, विष्णु तथा सुब्रह्मण्य के विवाहों की एक साथ संघटना है। इस चम्पू का केवल दो स्तबक प्राप्त हैं। इस पर इन्हीं की टीका भी है। 'राघवनैषधीयम्' श्लेषकाव्य में राम तथा नल की कथा का वर्णन जयशङ्कर के पुत्र हरदत्तसूरि ने १८वीं शती में किया।

श्लेषकाव्य की भाँति यमक का सहारा लेकर बहुत से कवियों ने एक से अधिक विषयों का एकसाथ समावेश अपने काव्य में किया है। ये काव्यग्रन्थ श्लेषग्रन्थों की अपेक्षा आकार में लघु हैं। वासुदेव आदि के यमक से इस यमक काव्य में भिन्नता है। पूर्व में केवल अनुलोम यमक की विधि है किन्तु यहाँ प्रतिलोम, विलोम अथवा गतप्रत्यागत यमक है। यह पूर्णतः गतिचित्र का रूप है।

लक्ष्मणभट्ट के पुत्र रामचन्द्र ने १५४२ ई० के लगभग अयोध्या में 'रसिकरञ्जनम्' नामक विलोमकाव्य रचा जिसका सीधा पाठ करने पर शृङ्गारपरक अर्थ निकलता है और उलटा पाठ करने पर संन्यासपरक। कृष्णचैतैन्य ने सोमप्रभाचार्य के 'शृङ्गारवैराग्यतरङ्गिणी' की भी चर्चा अपने 'संस्कृत साहित्य का नवीन इतिहास' में की है। इसके ऊपर निःसन्देह रसिकरञ्जनम् का असर है। नाम से विषय तो स्पष्ट ही हो जाता है। कीथ महोदय ने अपने प्रसिद्ध इतिहास-ग्रन्थ में वेङ्कटाध्वरि के 'यादवराघवीयम्' विलोमकाव्य की चर्चा करते हुए पादटिप्पणी में बताया है कि इसमें केवल ३० छन्द हैं। इसमें अनुलोमक्रम से पढ़ने पर कृष्णकथा तथा विलोम पढ़ने पर रामकथा बनती है। आचार्य बलदेव उपाध्याय ने इनका समय १६वीं शताब्दी माना है। चालुक्यनरेश सोमदेव के सभापण्डित विद्यामाधव ने ९ सर्गों में 'पार्वतीरुक्मिणीय' लिखकर शिव-पार्वती तथा कृष्ण-रुक्मिणी का विवाह वर्णन किया है। यह भी एक विलोमकाव्य है।

रामकृष्णविलोमकाव्य—दैवज्ञ सूर्यकवि का इतिहास ग्रन्थ में सर्वप्रथम उल्लेख पं० बलदेव उपाध्याय ने किया है, किन्तु उनको सम्भवतः ग्रन्थ देखने को नहीं मिला था क्योंकि उन्होंने इनके ग्रन्थ 'रामकृष्णविलोमकाव्य' में गृहीत ३६ श्लोकों का निश्चयात्मक वर्णन न देकर श्लोकों की संख्या '३६ या ३८' बतलाये

हैं। पण्डित जी ने ही इनका समय १६ वीं शताब्दी माना है। जैसा कि इनके नाम के विशेषण 'दैवज्ञ' पद से स्पष्ट है, ये एक ज्योतिषी भी थे। इनके ज्योतिष पर लिखे गये दो ग्रंथ 'सूर्यप्रकाश' तथा 'लीलावती' की टीका है।

श्री सूर्य कवि ने अपने पिता ज्ञानाधिराज को एक बड़ा 'सुगणक' माना है जिनके ग्रन्थों को पढ़कर यह भी आचार्य कोटि में आये हैं। इन्होंने अपने काव्य को 'द्राक्षापाक' कहा है और बड़ी प्रशंसा की है कि यहाँ न तो एकाक्षरता की दुरूहता है, न अप्रसिद्धों का उल्लेख और न व्याकरण के कठिन शब्दों का प्रयोग ही है। इस प्रकार—

नैकाक्षराणि छन्दोक्तिर्नाप्रसिद्धाभिधानकम्।
नैव व्याकरणक्लिष्टं द्राक्षापाकोऽत्र केवलम्॥

केवल ३६ श्लोकों के काव्य के कलेवर के साथ विषय भी छोटा ही है। प्रथम पाँच छन्दों में तो केवल निर्गुण-सगुण रूप तथा उपाय का वर्णन है। पुनः विश्वामित्र द्वारा यज्ञरक्षार्थ कुमारों की याचना, ताड़का को भेजने, उसके साथ शूर्पणखा के भी आने, कौशिक की यज्ञव्यवस्था, मुनियों द्वारा यागप्रशंसा, जनक के घर राम-लक्ष्मण का पहुँचना, स्वयंवरार्थ आगत राजाओं का वर्णन, धनुर्भङ्ग पर जानकी द्वारा माल्यार्पण, परशुराम का आगमन, परशुराम का राम के प्रति क्रुद्ध वचन, कैकेयी का सापत्नभाव, अहल्योद्धार, शूर्पणखा का नासिकोच्छेद, भिक्षु रावण का आगमन, राम का जानकी को न पाना आदि वृत्तान्त रामपक्ष के वर्णित हैं। इसी प्रकार कृष्ण के भी जीवन की प्रमुख घटनाओं का उल्लेख है। सर्वत्र घटनाएँ—चाहे रामपक्ष की हों चाहे कृष्णपक्ष की—मात्र वर्णन-सी हैं।

इस विलोमकाव्य में इन्द्रवज्रा, शालिनी, रथोद्धता, अनुष्टुप्, विद्युन्माला, छन्दों का प्रयोग हुआ है। लघुकाय विलोमकाव्य में इतने अधिक छन्दों का प्रयोग अत्यन्त कौतूकपूर्ण है। श्लेषकाव्य में तो एक क्षण के लिए यह स्वीकार किया जा सकता है कि एक प्रकार के छन्दों का ही नहीं, अनेक प्रकार के छन्दों का उपयोग हो, किन्तु जहाँ पर वर्णों को उलट कर भी पढ़ना हो, वहाँ भिन्न छन्दों में काव्यरचना करना किसी भारतीपुत्र का ही सामर्थ्य है। इसे कवि ने स्वयं भी स्वीकार किया है, प्रस्तावना में—

कदाचिदपि संतरेत् कृतिपरो नरो नीरधिं
कथंचिदपि धावति प्रवरधाम धाराध्वनिः।
ऋतेऽप्यतिविशारदा प्रचुरशारदानुग्रहं
विलोमकविताकृतौ सुकविधीरधारा भवेत् ॥

सूर्य कवि की रचना का कलापक्ष अत्यन्त मनोहर है। विलोमकाव्य लिखते समय छन्दःपूर्ति, अनुलोम तथा प्रतिलोम क्रमों के साकांक्ष पदों की योग्य आसत्ति, तथा आरम्भ से अन्त तक प्रारब्ध कथाओं की क्रमबद्धता ये तीनों बातें अत्यन्त कठिन हैं। किन्तु संयोग से ये सब प्रायः समुचित अंश में विद्यमान हैं। कवि ने स्वयं स्वीकारा है—

छन्दःपूरणमुत्क्रमक्रमविधौ साकाङ्क्षता तत्पदे-
ष्वारम्भाच्चरिते क्रमोऽपि सुतरामेतत्त्रयं दुर्गमम्। (टीका, श्लोक २)

यमक के अनेक भेदों में सूर्य ने केवल दो प्रकार—समाक्षरपद तथा विषमाक्षरार्ध—को स्वीकार किया है। इनमें भी प्रथम के समान तथा भिन्नार्थक और द्वितीय के भिन्नाक्षर तथा भिन्नार्थ भेदों का उपयोग है। यह भी इन्हीं की टीका की प्रस्तावना से ज्ञात होता है। (द्रष्टव्य प्रस्तावना, श्लोक ५)

चित्रकाव्य की कठिनाइयाँ—चित्रकाव्य का अध्ययन करते समय कई प्रकार की कठिनाइयाँ भी आती हैं। कहीं पर यत्-तद् का अथवा क्रिया का अध्याहार करना पड़ता है, कहीं पढ़ते समय ही पादों के आदि अथवा अन्त में विसर्ग को वैकल्पिक मानना पड़ता है और कहीं-कहीं तो लक्षणा या व्यञ्जना के बिना अर्थ निकलता ही नहीं। कवि ने पिङ्गलशास्त्र का मत उद्धृत किया है।

अध्याहारो यत्तदोर्वा क्रियायाः पादाद्यन्ते वा विसर्गो विसर्गः।
कुत्राप्यूह्या लक्षणव्यञ्जना वा विद्यादेतां चित्रकाव्यानुपूर्वीम् ॥
(टीका की भूमिका)

विपत्ति का अन्त यहीं नहीं हो जाता। कहीं-कहीं तो केवल एक शब्द प्रतीक की भाँति लिखा रहता है, आगे समस्त सम्बद्ध पदों के साथ सन्दर्भों का भी अध्याहार करना पड़ता है। यह सब काम बिना व्याकरण के प्रौढ़ ज्ञान और अभ्यास के सम्भव नहीं। कहीं-कहीं अत्यन्त सूक्ष्म कथाओं को धर्मशास्त्र में देखने की आवश्यकता होती है। काशी के सुमेरुपीठ के शङ्कराचार्य श्री महेश्वरानन्द

सरस्वती जी ने रामरूप कवि के 'चित्रकाव्यकौतुकम्' नामक चित्रकाव्य की भूमिका में लिखा है कि जिसकी जिह्वा पर समस्त धातुयें विराजती हैं, सभी तद्धितवृत्तियाँ प्रसन्नतापूर्वक कण्ठ में स्थित रहती हैं, कृत् तथा अन्य प्रत्ययों का समुदाय जिनके हृदय में सदा विद्यमान हैं, उन्हीं को बन्धकाव्य का आनन्द मिल पाता है—

सर्वो धातुगणः क्रियादिविपुलो जिह्वाजिरे राजते
विश्वास्तद्धितवृत्तयः प्रमुदिताः क्रीडन्ति कण्ठस्थिताः ।
कृत्संज्ञा विलसन्ति प्रत्ययघटाः स्वान्तान्तरालाम्बरे
येषां ते विभवो भवन्ति कृतिनो बन्धोत्कटे कानने ॥ १६ ॥

संयोग की बात है कि सूर्य का काव्य बहुत कठिन नहीं है। एक तुल्याक्षरपद यमक का उदाहरण दर्शनीय है—

चिरं विरंचिर्न चिरं विरञ्चिः साकारता सत्यसतारका सा ।
साकारता सत्यसतारका सा चिरंविरञ्चिर्न चिरं विरञ्चिः ॥ २ ॥

इस छन्द को चाहे सीधे-सीधे पढ़ा जाये चाहे उल्टे-उल्टे छन्द वही रहेगा। प्रथम चरण को अनुलोम क्रम से रखने पर भी चतुर्थ चरण बनता है और विलोम क्रम से भी रखने पर। यही बात द्वितीय तथा तृतीय दोनों पादों के विषय में भी है।

भावपक्ष भी अत्यन्त मनोरम है। यहाँ पर रामकथा की उज्ज्वल भागीरथी तथा कृष्णकथा की विलोमवर्णा नवश्यामला कलिन्दकन्यका है। सूर्यकवि की सरस्वती भी मिलकर इसे त्रिवेणी-प्रयाग बना रही है। (द्रष्टव्य टीका की प्रस्तावना, ४) भावुकता तथा कोमलवर्णविन्यास १४, २१, २२, ३१, ३५ तथा ३६वें श्लोकों में विशेष मर्मस्पर्शी है। रामपक्ष के अर्थ की अपेक्षा कृष्णपक्षीय अर्थ अधिक मनोरम बन पाया है। जानकी के पारमार्थिक स्वरूप का वर्णन करते हुए कवि कहता है कि वह लक्ष्मी के रूप में कमलों अथवा भगवान् विष्णु के चरणकमलों को ही अपना आश्रय समझती है, वही कमलासन ब्रह्मा की भी पूर्णता को जानती है, न कि ब्रह्मा उनकी। वही भगवती लक्ष्मी अपने पूर्णांश में अवतरित हुई भगवान् विष्णु के साथ। यही राम और सीता हैं। कृष्णपक्ष में कोई गोपी नन्द से कहती है, 'हे गृहाधीश नन्द, यह राधा तो कृष्ण की कमनीयता—माररूपता—है। वह तो यदुवंशी अवतारधारी कृष्ण में अनुरक्त साक्षात् माँ लक्ष्मी है, अथवा महाराज, आप चाहे जो कुछ भी कहें यह राधा

आपके कृष्ण में अनुरक्त नहीं है। छन्द दर्शनीय है। यमक में भी श्लेष का आनन्द अत्यन्त विचित्रता उत्पन्न करता है। वार्तालाप की स्वाभाविकता प्रशंसनीय है।

वेद या पद्मसदनं साधारावततार मा !
मारता तव राधा सा नन्द सद्मप यादवे ॥ १४ ॥

उपर्युक्त संदर्भों से यह स्पष्ट हो जाता है कि चित्रकाव्य में यमककाव्य का और यमककाव्य में विलोमकाव्य का उसमें भी भाषा और भाव दोनों की दृष्टि से रामकृष्णविलोमकाव्य का महत्त्वपूर्ण स्थान है। प्रायः ऐसे काव्य में स्वाभाविकता, सहज प्रवाह, कृत्रिमता, नीरसता और श्रमसाध्यता को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि काव्य के विरोधी गुणों से संयुक्त होने के कारण इनको विलोमकाव्य कहा जाता है, किन्तु ऐसी बात नहीं है। वस्तुतः यह विलोमता कलागत है, विषय या भावगत नहीं। दण्डी इसे प्रतिलोम संज्ञा देते हैं—

आवृत्तिः प्रतिलोम्येन पदार्धश्लोकगोचरा।
यमकं प्रतिलोमत्वात् प्रतिलोममिति स्मृतम् ॥ (काव्यादर्श ३।७३॥)

नागौर, राजस्थान के स्वामी लक्ष्मणशास्त्री भी एक चित्रकवि हैं जिन्होंने एक नये प्रकार के चित्रकाव्य का आविर्भाव किया है। इनका साहित्य विपुल है। इनकी छः रचनाओं की अनेक आवृत्तियाँ संवत् २०११ तक प्रकाशित हो चुकी है। इनका विशालकाय ग्रन्थ श्रीविष्णुचरितामृतम् है जिसमें विष्णु सहस्रनाम स्तोत्र के १०७ श्लकों को सैंतीस सर्गों के ८५६ श्लोकों में बद्ध किया गया है। इसी प्रकार 'श्रीरामविवाहः' काव्य में भरत और शत्रुघ्न के नाना के घर जाने तक का वृत्तान्त है। इसमें तीन सर्ग तथा कुल ५९ श्लोक हैं। श्रीहरिद्वादशाक्षरी-स्तोत्रम् तथा श्रीविष्णुचतुर्विंशत्यवतारस्तोत्रम् भी इसी स्तर के हैं। 'श्रीराम-विवाह' में अन्त्यादि यमक है। श्रीरामपादयुगलीस्तव में विश्वामित्र प्रणीत श्रीरामदुर्गस्तोत्र के क्रमशः एक-एक अक्षर से प्रत्येक छन्द का प्रारम्भ तथा अन्त किया गया है। इसमें अन्त के तीन परिचयात्मक छन्दों के अतिरिक्त २४ छन्द हैं। एक उदाहरण उपस्थित है—

मन्दाकिनी रजतशुभ्रजला स्वजन्म हालाहलोपमितपापहरप्रवाहा।
विन्दत्यथ स्म यत एव पदी पुरो विष्णुः साह्वयं गतवतीति यदुत्पतिष्णुः।

इनके श्रीहरिस्तोत्रम् के १० श्लोकों के प्रथम चरणों में क्रमशः धातुगण, द्वितीय में लकार, तृतीय में प्रक्रिया तथा प्रथम तीन श्लकों के चतुर्थ में पुरुष एवं शेष सात में दिनों का नाम गिनाने के साथ-साथ श्रीहरि की स्तुति भी है।

चित्ररचना का कारण--भारत में इस प्रकार के काव्यकारों की कमी नहीं। अभी कुछ ही वर्ष हुए कविवर श्री रामरूप पाठक ने 'चित्रकाव्यकौतुक' नामक ग्रन्थ प्रकाशित किया है जिस पर लेखक को कई सहस्र का पुरस्कार भी मिला है।

इस प्रकार की रचना का सर्वप्रमुख कारण है विलक्षण क्षमतासम्पन्न संस्कृत भाषा। निःसन्देह विश्व की भाषाओं में संस्कृत जैसी सक्षम भाषा यदि अलभ्य नहीं तो अतिदुष्प्राप्य अवश्य है। विख्यात भारतविद्याविद् ए० बी० कीथ ने भी संस्कृत भाषा की इस क्षमता को स्वीकार किया है। देखिये—Keith : *Hist. Skt. Lit.* pp. 137–8. इन्होंने ही १३९ पृष्ठ पर लिअन ऑफ मेडीना के एक शोकगीत का उल्लेख किया है जिसे इटालियन तथा हिब्रू में पढ़ा जा सकता है। इस अर्थ में इस दिशा में संस्कृत भाषा अद्वितीय है।

इसका दूसरा कारण है भारतीयों की विलक्षण धारणाशक्ति और अद्भुत श्रम की क्षमता। सर्वत्र प्रतिभा और नित्य नवनवोन्मेष भाव-क्षेत्र में भले ही कम हो, शब्दचयन के क्षेत्र में तो अद्वितीय है। डा० सुभद्रा झा ने विण्टरनिट्ज महोदय के आश्चर्य का बड़ा सुन्दर अनुवाद किया है। देखिये—*Hist. of Ind. Lit.*, Vol. III, p. 88.

चित्रकाव्य तथा आलोचना सम्प्रदाय--संस्कृत भाषा की इस अपूर्व क्षमता तथा चित्रकाव्य के प्रचुर साहित्य के होने पर भी भारतीय समीक्षा-शास्त्रियों ने इसे विशेष महत्त्व नहीं दिया। मम्मट जैसे ध्वनिवादी आचार्यों ने इसे अवरकोटि में रखा है—"शब्दचित्रं वाच्यचित्रमव्यङ्ग्यं त्ववरं स्मृतम्।" इसका एकमात्र कारण यही है कि प्रयत्नसाध्य होने से चित्रात्मकता तो पर्याप्त होती है किन्तु रसात्मकता, माधुर्य, स्वाभाविकता आदि की कमी हो जाने से सहृदय इधर आकृष्ट नहीं होता। रसवादी विश्वनाथ ने चित्रकाव्य को काव्य के बीच विद्यमान गाँठ, बाधा, मानकर इसका विवेचन ही क्रमप्राप्त स्थान पर नहीं किया। वह कहते हैं—"काव्यान्तरगड्डुतया तु नेह प्रपञ्च्यते" (सा० द०

चौखम्बा प्रकाशन पृ० ५८८)। यही दशा दण्डी की भी है। आलङ्कारिकों के सम्प्रदाय का होने पर भी उन्होंने इसे "नैकान्तमधुर"—पूर्णतः मधुर नहीं है यह माना है (काव्यादर्श १।६१)। महाराज भोज ने चित्रकाव्य को निरवधि मानते हुए इस पर दुष्करता, कठोरता और दुर्बोधता का दोषारोपण किया है—

दुष्करत्वात् कठोरत्वात् दुर्बोधत्वाद् विनावधेः।
दिङ्मात्रं दर्शितं चित्रे शेषमूह्यं महात्मभिः॥ (स० कण्ठा० २।१४६।)

आचार्य आनन्दवर्धन पहले से ही उन अलङ्कारों को काव्य में नहीं आने देना चाहते हैं जिनके लिए कवि को सोच-विचार और सश्रम प्रयास करना पड़ता है। (ध्वन्यालोक ३।४३ की वृत्तियाँ)। नीरस काव्य अलङ्कारमय होने पर भी नारीप्रतिमा की भाँति मनोहर नहीं होती। देखिये आर्यासप्तशती—

रतिरीतिवीतवसना प्रियेव शुद्धापि वाङ्मुदे सरसा।
अरसा सालंकृतिरपि न रोचते शालभञ्जीव॥ (१।५४।)

समन्वय—वास्तविकता कुछ विचित्र-सी लगती है। निःसंशय रस, अलंकार, रीति, ध्वनि, वक्रोक्ति और औचित्य सभी सुन्दर काव्य के लिए समुचित मात्रा में अपेक्षित हैं। कष्ट की बात यह है कि विद्वान् कविगण केवल एक-एक के पीछे ऐसे पड़े कि मधुर-रस विष हो गया, अलंकार भार हो गये, रीति अवरोध हो गई, ध्वनि कोलाहल बन गई, वक्रोक्ति प्रवञ्चना हो गई और औचित्य लोक से उठ ही गया। लोक में नियम बनते हैं, किन्तु उनके अपाय पूर्व से ही मानो निश्चित रहते हैं। एक विशालकाय महाकाव्य में यथोचित मात्रा में मिलकर ये सभी पानकरस अथवा षाडवपाक का आनन्द दे सकते हैं किन्तु एक ही चीज के आधिक्य से या तो वह गुड़ का शीरा हो जायेगा या काढ़ा अथवा मिर्च की घोल, जिससे किसी को भी अरुचि हो सकती है। भारवि और माघ के काव्यों में युद्धप्रकरण में विचित्र चित्रकाव्य का प्रयोग भावों तथा कर्मों का अनुगामी होने से अत्यन्त सटीक घटित हुआ है, किन्तु पञ्चकल्याणचम्पू के रचयिता को क्या कहा जाये जिसमें श्लेष के आधार पर पाँच कथाएँ एक साथ चलती हैं। माघ ने अपने चित्रप्रयोगों का स्पष्टीकरण-सा दिया है—

विषमं सर्वतोभद्रचक्रगोमूत्रिकादिभिः।
श्लोकैरिव महाकाव्यं व्यूहैस्तदभवद्दुलम्॥ (शिशु १९।४१।)

चित्रविचित्र व्यूह रचाकर हो रहे युद्धों का वर्णन चित्रविचित्र काव्य द्वारा होना सङ्गत भी है। यहाँ पर भी यदि कई सर्गों में युद्ध और चित्रकाव्य ही रहता तो अस्वाभाविक होने से यह भी नीरस और असङ्गत हो जाता।

सूक्ष्म विवेचन से ज्ञात हो जाता है कि सारा दोष कवियों का ही नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि संस्कृतज्ञों का स्तर क्रमशः घटता गया और शनैः-शनैः व्याकरणशास्त्र पर होने वाला परिश्रम समाप्त होने लगा तथा आज के छात्रों की भाँति लोग संस्कृत से विमुख होने लगे। अतः एक विद्वान् के मुख से निकली हुई धाराप्रवाहित सुश्लिष्ट एवं परिष्कृत वाणी को सामान्य लोग नहीं समझ पाते तो उसके लिए विद्वान् निन्दनीय नहीं। अनन्त श्री-विभूषित शङ्कराचार्य स्वामी महेश्वरानन्द सरस्वती ने 'चित्रकाव्यकौतुकम्' की भूमिका में कहा है कि 'अंगूर खट्टे' हैं की भाँति अल्पबुद्धि वालों ने चित्रकाव्य पर दोषारोपण प्रारम्भ कर दिया है। यह उनके लिए है भी नहीं और न वे इसके अधिकारी ही हैं। वस्तुतः—

सत्यं वल्गितमस्ति तत्र भवतोऽशक्तस्य कस्यापि ते
द्राक्षामम्लतरां वदन्ति कृपणाः श्रान्ताः परास्तोद्यमाः।
शाब्दे ब्रह्मणि साधिकारवचसां क्लिष्टक्रमाभ्यासिनां
बन्धाली विजरीहरीति सुभगा विद्येश्वराणां मुदे ॥ ६ ॥

चित्रादिकाव्य के अधिकारी विद्वान् लोग ही हैं इस तथ्य की पुष्टि काव्यशास्त्र के कुछ ग्रन्थों से भी होती है। दोषप्रकरण में जहाँ क्लिष्टता अथवा प्रसन्नता दोष माना गया है वहीं उसका परिहार भी किया गया है। भोज अपने सरस्वती-कण्ठाभरण में कहते हैं कि अविद्वान्, अशिक्षित स्त्रियों तथा बच्चों के बीच में समझे जाने वाले अर्थों से युक्त वाणी को प्रसन्नवाणी कहते हैं और इससे विपरीत को अप्रसन्नता दोष से युक्त, किन्तु चित्रादि काव्य में वह भी दोष नहीं है—

अविद्वदङ्गनाबालप्रसिद्धार्थं प्रसादवत्।
विपर्ययोऽस्याप्रसन्नं चित्रादौ तन्न दुष्यति ॥ (१।१२९।)

इसी प्रकार सोपक्रम दोष का निरूपण करते समय चित्रकाव्य में उसकी निर्दोषता सिद्ध की गई है। भोज का मत है कि यदि कवि कुशल हो तो सभी दोष, दोषविभाग से निकल कर गुणसमुदाय में मिल जायें—

विरोधः सकलेष्वेव कदाचित् कविकौशलात्।
उत्क्रम्य दोषगणनां गुणवीथीं विगाहते ॥ (वही १।१५६।)

मम्मट की भाँति विश्वनाथ ने भी साहित्यदर्पण में निहतार्थता, प्रयुक्तत्व, अप्रतीतत्व आदि को श्लेषकाव्य तथा विद्वानों के बीच गुण ही माना है—

स्यातामदोषौ श्लेषादौ निहतार्थाप्रयुक्तते ॥ १७ ॥
गुणः स्यादप्रतीतत्वं ज्ञत्वं चेद्वक्तृवाच्ययोः ॥ १८ ॥

फिर जहाँ श्लेष, यमक आदि का प्रयोग हो और कवि तथा अध्येता दोनों ही विद्वान हों वहाँ न तो दोषता का प्रश्न उठता है और न लाञ्छन का। सीधी-सी बात है कि दो अंग्रेज आंग्लभाषा में, दो फ्रांसीसी फ्रेञ्च में ऐसे ही विभिन्न भाषा-भाषी विभिन्न-विभिन्न भाषाओं में वार्तालाप करें तो आवश्यक नहीं कि सबकी बात न समझने वाला उनको लोकप्रिय भाषा न बोलने का दोषी कहे।

उपसंहार—संस्कृत साहित्य में विद्यमान विशाल चित्रसाहित्य, उसकी निरन्तर प्रगति और अक्षुण्णता, सहृदयों के स्तर तथा कवियों की अद्भुत क्षमता को देखकर किसी भी विज्ञ को आश्चर्य होगा। विश्व की समृद्ध भाषाओं में किसी एक में उतने महाकाव्य सामान्य साहित्यिक भाषा में सम्भवतः नहीं होंगे जितने संस्कृत के चित्रकाव्य में होंगे। न जाने कितना विशाल भारतभारती का भाण्डार विधर्मियों ने भस्म कर दिया, कितना सुरक्षित न रह पाने से विनष्ट हो गया, कितना विदेशों को चला गया, कितना किसी के घर की दीवालों के खाने में घुट रहा है, कितना अज्ञात है और न जाने कितना देश के विभिन्न पुस्तकालयों में पड़ा-पड़ा अन्तिम सांस ले रहा है। भारत की उच्च संस्कृत संस्थाओं के अधिकारी, समय एवं साधनसम्पन्न मनीषियों का यह पावन कर्तव्य है कि वे उस निधि को प्रकाश में लायें और लोक-कल्याण करें।

वैशाखी पूर्णिमा
सं० २०२७

—कामेश्वरनाथ मिश्र

श्लोकानुक्रमणिका

	पृ०		पृ०
व.पिताल‍विभागेन	२७	नागोपगोऽसि	१६
का तापघ्नी	४	नासावद्यापत्र	१९
किं तु तोयरसा	२५	नेह वा क्षिपसि	२३
कौशिके त्रिपसि	६	रावणेऽक्षिपतनत्रपा	२९
क्षताय मा यत्र	३४	लङ्कायना नित्यगमा	८
गाधिजाधरवैरा	९	लङ्का रङ्कागाराध्यासँ	३६
चिरं विरंचिर्न	२	लम्बाधरोरु	७
तं भुसुतामुक्ति	१	वनान्तयानस्वणु	२४
ततान दाम प्रमदा	१७	वा दिदेश द्विसीतायँ	३२
तयातितारस्वनयागतं	२१	वायुजोऽनुमतो	३३
तामसीत्यजति	३	वेद या पद्मसदनं	१४
तामितो मत्तसूत्रामा	१८	शङ्कावज्ञानुत्त्व	३१
तारके रिपुराप	३५	शवेविदाचित्रकुरङ्गा	२२
तावदेव दया देवे	१०	शौवतो हननेऽरोधी	१५
तीव्रगोरन्वयत्रार्यो	१३	श्रीमतो मध्यमतोदि	५
ते सभा प्रकपिवर्ण	२८	संभावितं भिक्षु	२०
दैवे योगे सेवादानं	३०	स नतातपहा	२६
न वेद यामक्षरभास	१२	सभास्वये भग्नमनेन	११

दैवज्ञश्रीसूर्य-कवि-विरचितं

रामकृष्णविलोमकाव्यम्

स्वोपज्ञटीकासहित 'प्रकाश' हिन्दी-व्याख्योपेतम्

श्रीमन्मङ्गलमूर्तिमार्तिशमनं नत्वा विदित्वा ततः
शब्दब्रह्म मनोरमं सुगणकज्ञानाधिराजात्मजः ।
यद्ग्रन्थाध्ययनैर्विनेयनिवहोऽप्याचार्यचर्यामगात्
सोऽहं सूर्यकविर्विलोमरचनं काव्यं करोम्यद्भुतम् ॥

छन्दःपूरणमुत्क्रमक्रमविधौ साकाङ्क्षता तत्पदे-
ष्वारम्भाच्चरिते क्रमोऽपि सुतरामेतत्त्रयं दुर्गमम् ।
एवं सत्यपि मन्मतिः कियदपि प्रागल्भ्यमालम्बते
तत्सर्वं गुणिनः क्षमन्तु यदहो यूयं श्रमज्ञाः स्वयम् ॥

कदाचिदपि संतरेत् कृतिपरो नरो नीरधिं कथंचिदपि धावति प्रवरधाम धाराध्वनिः ।
ऋतेऽप्यतिविशारदा प्रचुरशारदानुग्रहं विलोमकविताकृतौ सुकविधीरधारा भवेत् ॥

भागीरथी रामकथातिरम्या कालिन्दिका कृष्णकथा मनोज्ञा ।
सरस्वती सूर्यकवेस्तृतीया स्नातुं प्रयागेऽत्र मतिः कवीनाम् ॥
समाक्षराङ्घ्रिर्विषमाक्षरार्धा द्वेधा भवेद्व्यस्तकवित्वसीमा ।
समानभिन्नार्थतया द्विधाद्या भिन्नाक्षरार्था च भवेद् द्वितीया ॥

अथ कवित्वपरिभाषा पिङ्गलादौ कथिता—

'अध्याहारो यत्तदोर्वा क्रियायाः पादाद्यन्ते वा विसर्गोऽविसर्गः ।
कुत्राप्यूह्या लक्षणा व्यञ्जना वा विद्यादेतां चित्रकाव्यानुपूर्वाम् ॥'

नैकाक्षराणि छन्दोक्तिर्नाप्रसिद्धाभिधानकम् ।
नैव व्याकरणक्लिष्टं द्राक्षापाकोऽत्र केवलम् ॥

अथ ययोः कथाप्रसङ्गस्तावेवेष्टदेवतात्वेन प्रणमति—

तं भूसुतामुक्तिमुदारहासं वन्दे यतो भव्यभवं दयाश्रीः ।
श्रीयादवं भव्यभतोयदेवं संहारदामुक्तिमुतासुभूतम् ॥ १ ॥

तं भूसुतामुक्तिं वन्दे । भूसुताया रावणरक्षितायाः सीताया मुक्तिर्मोक्षणं यस्मात्तं राघवं वन्दे । नमस्करोमीत्यर्थः । किंभूतम् । उदारहासम् । उदारो गम्भीरो हासो यस्यासौ तथा । उद्वेगनिमित्तेषु सर्वानर्थेषु प्राप्तेष्वप्यनुद्विग्नमित्यर्थः । पुनः किंभूतम् । भव्यभवम् । भव्यः पवित्रो भवोऽवतारो यस्यासौ तथा । अथ कथम् । यतो दया श्रीश्च बभूवेत्यध्याहारः । दया भूतदया श्रीश्च शोभा च तयोर्निदानमित्यर्थः । एतद्रामपक्षे ॥ कृष्णपक्षे तु—श्रीयादवं वन्दे । किम्भूतम् । भव्यभतोयदेवम् । भव्या उत्तमा भा दीप्तिर्यस्यासौ सूर्यः । तथा तोयशब्देन चन्द्रः । जलात्मकत्वात् । तयोर्द्योतनाद्देवः । सूर्याचन्द्रमसोरपि प्रकाशक इत्यर्थः । तदुक्तम्—'यदादित्यगतं तेजो जगद्भासयतेऽखिलम् । यच्चन्द्रमसि यच्चाग्नौ तत्तेजो विद्धि मामकम् ॥' अथ किंभूतं यादवम् । संहारदामुक्तिम् । संहारोऽनर्थस्तं ददातीति तथाविधा पूतना तस्या मुक्तिर्मोक्षो यस्मात्स तथा तम् । पुनः किंभूतम् । उत प्रत्युत असुभूतम् । सर्वत्र प्राणरूपेणावस्थितमित्यर्थः । अथवा प्राणनं जीवनं तद्रूपं चैतन्यस्वरूपम् । तदुक्तम्—'अहमात्मा गुडाकेश सर्वभूताशयस्थितः' इत्यादि । पूतनायै मुक्तिं दातुमन्तर्यामित्वेन स्वयमेव प्रेरकोऽभूदित्युक्तम् ॥ १ ॥

रामपक्ष में—पृथ्वी-पुत्री जानकी को रावण के बन्धन से मुक्त कराने वाले, गम्भीर हँसी वाले तथा पवित्र अवतारों से समन्वित उस राम की वन्दना करता हूँ जिनसे प्राणियों पर दया और शोभा का आविर्भाव होता है ।

कृष्णपक्ष में—उत्तम दीप्ति वाले सूर्य तथा जलात्मक चन्द्रमा के भी प्रकाशक, मृत्यु देने वाली पूतना के भी मोक्ष के कारणभूत और सर्वत्र प्राणतत्त्व के रूप में स्थित अथवा चैतन्य स्वरूप, श्री रूप तथा सम्पत्ति से संयुक्त यदुवंशी कृष्ण की वन्दना करता हूँ ॥ १ ॥

ननु देहवतोऽपि रामादेः कथमन्तर्यामित्वमित्याशङ्क्य तुल्याचरयेन्द्रवज्रयाह—

चिरं विरंचिर्न चिरं विरंचिः साकारता सत्यसतारका सा ।
साकारता सत्यसतारका सा चिरं विरंचिर्न चिरं विरंचिः ॥२॥

विरंचिर्ब्रह्मा द्विपरार्धावसानं यावत्सर्वभूतापेक्षया चिरं तिष्ठतीति प्रथमम् । अपरं तु 'आब्रह्मभुवनाल्लोकाः पुनरावर्तिन' इति श्रवणान्न चिरं विरंचिरिति ज्ञायते । तस्यायुषः परिमितत्वात् । अथ साकारता सत्यसतारकास्ति । सेति तच्छब्देन रामस्य या साकारता सत्यसतारका । तारकेण सह वर्तमाना सतारका । सत्या सती सतारका सत्यसतारका । सत्यमबाधितं विज्ञानमयं तारकं यद्ब्रह्म तद्रूपेत्यर्थः । रामपक्षे एतत् ॥ कृष्णपक्षे तु—साकारतासत्यसतारकास्ति । या कृष्णरूपिणी साकारता सा सती सर्वदैव वर्तमाना । नित्येत्यर्थः । किंभूता । असतारका । तारकाभिः सह वर्तमानं सतारकं व्योम, तन्न विद्यते यस्याः सा असतारका । व्योमापि यस्यां लीयते इतः परं नित्यत्वं किं वर्णनीयमित्यर्थः । चिरं विरंचिरित्यादि पूर्ववत् ॥ २ ॥

रामपक्ष में—दीर्घकाल तक स्थित रहने वाले ब्रह्मा भी जिसकी तुलना में अधिक समय तक स्थायी नहीं रह पाते अर्थात् जिसके समक्ष ब्रह्मा का भी समय नगण्य है, वह राम की सगुणस्वरूपता नित्य अथवा सचमुच तारक ब्रह्मरूपिणी है ।

कृष्णपक्ष में—कृष्ण की जो साकारता है—सगुणरूपता है वह सदा वर्तमान है—सत्य ही है—जिसमें तारों-नक्षत्रों-से युक्त रहने वाला आकाश भी कहीं का नहीं रहता अर्थात् अपेक्षाकृत बहुत छोटा होने से जिसमें विलीन हो जाता है और चिरकाल तक-दो परार्धों तक—चिरस्थायी ब्रह्मा भी जिसकी दृष्टि से चिरस्थायी नहीं रहते ।

नोट—प्रस्तुत छन्द में तुल्याक्षरता का प्रयोग अत्यन्त सुन्दर है । प्रथम एवं द्वितीय चरण ही व्युत्क्रम से चतुर्थ तथा तृतीय चरणों के रूप में हैं । यहाँ विचित्रता तो यह है कि चाहे इस ग्रन्थ के अन्य छन्दों की भाँति द्वितीय चरण के अन्तिम शब्द से प्रथम पाद के प्रथम वर्ण तक विलोम पाठ किया जाय तो भी तृतीय और चतुर्थ पाद बनते हैं और चाहे प्रथम तथा द्वितीय चरण अनुलोम क्रम से ही रखे जायें तो भी क्रमशः चतुर्थ एवं तृतीय चरण बनते हैं, उस पर भी विशेषता यह कि सभी स्थानों पर अर्थ संगत बैठता है ॥ २ ॥

अथ रामकृष्णाभ्यां यां मायामवष्टभ्य साकारता स्वीकृता तस्याः स्वरूपं समाचरया रथोद्धतयाह—

तामसीत्यसति सत्यसीमता माययाक्षमसमक्षयायमा ।
माययाक्षमसमक्षयायमा तामसीत्यसति सत्यसीमता ॥ ३ ॥

असति सत्यसीमता तामसीति । असति शुक्तिकारजतवदसत्ये प्रपञ्चे सत्यसीमता सत्यत्वमर्यादा तामसी मायेति । अथास्या असत्यत्वं कार्यवशादनुभूयत इत्याह—माययेति । यया मायया कृत्वा मा लक्ष्मीः अयमा न विद्यते यमो नियमो यस्याः सा तथा । योग्येऽयोग्ये वा कुत्र स्थातव्यं कियत्कालं स्थातव्यमिति क्षणभङ्गुराया लक्ष्म्या यमो नियमो नास्ति । उत्तरक्षणे बाधदर्शनाक्रमरूपतेत्यर्थः । कथंभूतया यया । अक्षमसमक्षया । न क्षमम् अक्षमं समक्षं यस्याः सा तथा । तस्या मायायाः स्वरूपे विचार्यमाणे समक्षत्वं न प्राप्नोति प्रेक्षणेनैव नश्यतीत्युक्तत्वात् । यतः परमात्मा ज्ञानरूपो माया त्वज्ञानरूपा सा कथं ब्रह्मसमक्षतां याति । यतो ज्ञानमज्ञानस्यैव घातकमित्यर्थः । एवमुभयत्रापि सममिति समाक्षरपदद्वयम् ॥

दोनों पक्षों में—(जिसका अवलम्ब लेकर राम और कृष्ण साकार होते हैं, उसको) सीप में मोती की भाँति असत्य प्रपञ्च को सत्य की चरम सीमा सी आभासित कराने वाली तमोगुणवती अथवा अन्धकारिणी माया कहते हैं । सामने ठहरने में असमर्थ उसी माया के कारण मां-लक्ष्मी का (किसी निश्चित स्थान पर निश्चित समय तक निवास का) कोई नियम ही नहीं बन सका ।

विशेष—इस छन्द की भी विशेषतायें द्वितीय छन्द सी ही हैं । अन्तर यही है कि यहाँ कृष्ण से सम्बद्ध पंक्ति का भी अर्थ राम से सम्बद्ध अर्थ से अभिन्न है, जब कि द्वितीय छन्द में अर्थ दोनों सन्दर्भों में भिन्न-भिन्न थे ॥ ३ ॥

एवमविद्यायाः स्वरूपं निरूप्येदानीं विद्यारूपं विषमाक्षरया शालिन्याह—

का तापघ्नी तारकाद्या विपापा त्रेधा विद्या नोष्णकृत्यं निवासे ।
सेवा नित्यं कृष्णनोद्या विधात्रे पापाविद्याकारताघ्नी पताका ॥४॥

अत्र त्रिविधसंसारतापघ्नी कास्तीति विचार्यमाणे त्रेधा विद्यास्तीति । त्रिःप्रकारा त्रेधा ऋग्यजुःसामात्मिका । ननु तर्हि न कर्मकाण्डं विद्याशब्दव्यपदेश्यम् । 'विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयं सह' इत्याद्युक्तत्वादित्याशङ्कयाह । किंभूता त्रेधा विद्या । तारकाद्या । तारकं परं ब्रह्म श्रीरामाख्यमाद्यं श्रेष्ठत्वान्निरूपणीयत्वेन प्राप्तं यस्याः सा तथा । उपनिषद्विद्यात्मिकेत्यर्थः । पुनः किंभूता । विपापा

विगतं पापमज्ञानं यया सा तथा। अथ तस्याः पापोपशामकत्वे दृष्टान्तमाह— निवासेनोष्णकृत्यमिति। नितरां वासो यस्मिन्निति निवासः शीतलच्छायाद्युपस्कृतं गृहं तस्मिन्नुष्णकृत्यं संतापभवनं नास्ति। तद्वद्वेदार्थपरिशीलनेन त्रिविधतापोन्मूलनमित्यर्थः। रामपक्षे चैतज्ज्ञेयम्॥ कृष्णपक्षे तु—कृष्णभक्तिसहकृतैव विद्या अज्ञाननाशकर्त्रीत्याह—सेवा नित्यमिति। विधात्रेऽनुष्ठात्रेऽर्जुनाय ब्रह्मणे वा कृष्णनोद्या नित्यं सेवा पापाविद्याकारताघ्नी भवति। कृष्णेन नोद्या प्रेर्यमाणा नित्यं सेवा अनन्यभक्तिः सा पापं दुःखं तन्मूलमविद्याकारोऽज्ञानं तदुभयमपि नाशयति। तदुक्तं भगवद्गीतायाम्—'भक्त्या त्वनन्यया शक्य अहमेवंविधोऽर्जुन। ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्त्वेन प्रवेष्टुं च परंतप॥' इति। अनन्यभक्तिरेव कृष्णसाक्षात्कारे निमित्तमिति सदृष्टान्तमाह—किंभूता सेवा। पताका। पताकेव पताका। यथा गरुडलाञ्छनाङ्किता कृष्णध्वजपताका दृष्टमात्रैव आगतः कृष्ण इति साक्षात्कारं व्यनक्ति तद्वदनन्यभक्तिरपीत्यर्थः॥ ४॥

रामपक्ष में—संसार के समस्त सन्तापों को विनष्ट करने वाली कौन है? (ऐसा विचार करने पर स्पष्ट होता है कि) तारक ब्रह्मस्वरूप श्रीराम नाम की श्रेष्ठता का निरूपण करने वाली उपनिषद्विद्यात्मिका, अज्ञान को दूर करने वाली ऋग्यजुःसामात्मिका विद्या ही उसे दूर करने वाली है। जिस प्रकार ठीक ढंग से जिसमें वास किया जाता है, उस (शीतल छाया आदि से समन्वित) गृह में ग्रीष्म का प्रभाव नहीं पड़ता उसी प्रकार (वेदार्थपरिशीलन से तापत्रय का असर नहीं पड़ता।)

कृष्णपक्ष में—अर्जुन अथवा ब्रह्मा को बताई गई, कृष्ण के द्वारा प्रेरित नित्य सेवा अर्थात् अनन्यभक्ति, (गरुड के चिह्न से युक्त होने के कारण कृष्ण के आगमन की सूचना देने वाली उनकी) पताका की भाँति दुःख तथा (उसकी जड़) अज्ञान (दोनों) को नष्ट करती है॥ ४॥

अथ प्रथमं माया परमात्मनः समक्षं स्थातुं न शक्नोतीति स्वरूपानुसंधानेन मायायास्तिरस्कार इत्युक्तम्। तत्रात्मज्ञाने महानायासः। श्रीरामसेवया तु विद्याप्राप्तिस्तया तत्कालमेवाज्ञाननिरास इति विषमाक्षरयेन्द्रवज्रयाह—

श्रीमतो मध्यमतोदि येन धीरोऽनिशं वश्यवतीवराद्वा।
द्वारावतीवश्यवशं निरोधी नयेदितो मध्यमतोऽमरा श्रीः॥ ५॥

वा इत्यथवा स पुमान्धीरः येनानिशं श्रीरामतः मध्यमतोदि श्रीरामतो निमित्तभूतान्मध्यं मध्येऽवभासमानं प्रपञ्चाख्यमतोदि नाशितम् । स एव धीरः इत्यर्थः । किंभूताच्छ्रीरामतः । वश्यवतीवरात् । वशं नेतुं समर्थं वश्यं रूपं तद्वती जानकी तस्या वरात् । भर्तुरित्यर्थः॥ कृष्णपक्षे तु—निरोधी पुमान्मध्यं नु चिदचिद्ग्रन्थिस्वरूपं मनः इतः प्रपञ्चाद्द्वारावतीवश्यवशं नयेत् । वायुनिरोधीन्द्रियनिरोधी च पुमान् द्वारावत्या वश्यस्तत्रासक्तः कृष्णस्तत्र वशं नयेत् । योगेन वैराग्येण वा चित्तं निरुध्य श्रीकृष्ण एव एवं वशं नयेदित्यर्थः । तत्र किं भवतीत्याह—अतोऽस्मादुपायाच्छ्रीर्मोक्षलक्ष्मीरमरा स्थिरा भवति । अन्यथा निरोधवानपि विघ्नैरभिभूयत इत्यर्थः । उक्तं च—'तथा न ते माधव तावकाः क्वचिद्भ्रश्यन्ति मार्गात्' इत्यादि ॥ ५ ॥

रामपक्ष में—अथवा वही पुरुष धीर है जिसके द्वारा अहर्निश वश में कर लेने वाली रूप वाली भगवती सीता के वर श्रीराम के कारण (भूत एवं भविष्य में अज्ञात किन्तु केवल) मध्य-वर्तमान में ही प्रतीत होने वाला प्रपञ्चात्मक विश्व समाप्त कर दिया गया है ।

कृष्णपक्ष में—प्राणों का या इन्द्रियों का नियमन करने वाला पुरुष इस प्रपञ्चात्मक विश्व से हटा कर (चित् एवं अचित् के) मध्यवर्त्ती मन को द्वारका में आसक्त कृष्ण के वश में ले जाये । इससे मोक्ष लक्ष्मी अचल होती है ॥ ५ ॥

अथ कथाप्रारम्भः—तत्र विश्वामित्रः स्वयज्ञसंरक्षणार्थं रामं याचितुं दशरथं प्रत्यगादिति विषमाक्षरया रथोद्धतयाह—

कौशिके त्रितपसि क्षरव्रती योऽददाद्द्वितनयस्वमातुरम् ।
रन्तुमास्वयन तद्विदादयोऽतीव्ररक्षसि पतत्रिकेशिकौ ॥ ६ ॥

